St. Mary’s Co-Ed School, Harda (M.P.)

Subject - Hindi (Class) IV

Chapter-(9): -पुस्तक- प्रेमी : अब्राहम लिंकन

1. बहु-विकल्पी प्रश्न

(क) अब्राहम लिंकन के पिता का नाम था?

उत्तर- टॉमप लिंकन

(ख) अपने शिक्षक से अब्राहम ने किसकी जीवनी पढ़ने के लिए माँगी थी?

उत्तर - जॉर्ज वाशिंगटन

(ग) अब्राहम की रखी पुस्तक का नाम क्या हुआ?

उत्तर- वर्षा में भीग गई

(घ) पुस्तक फट जाने के बदले में अब्राहम को क्या करना पड़ा?

उत्तर- तीन दिनों तक खेत में घास काटनी पड़ी

(ङ) घास काटने के बदले में अब्राहमलिंकन को क्या मिला?

उत्तर- किताब

(च) अब्राहम लिंकन ने कौन-सा क्रांतिकारी परिवर्तन किया?

उत्तर- दास-प्रथा समाप्त की

2. नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर लिखो

(क) अब्राहम लिंकन कौन थे?

उत्तर- अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति थे।

(ख) उनके पिता क्या काम करते थे?

उत्तर- उनके पिता मजदूर थे।

(ग) बालक अब्राहम को घास क्यों काटनी पड़ी?

उत्तर- बालक अब्राहम लिंकन को घास इसलिए काटनी पड़ी क्योंकि वह अपने शिक्षक से पढ़ने के लिए जो पुस्तक लाया था वह वर्षा के कारण भीग गई थी।

(घ) बालक अब्राहम ने अपने शिक्षक से कौन- सी पुस्तक पढ़ने के लिए माँगी?

उत्तर- बालक अब्राहम लिंकन ने अपने शिक्षक से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन की जीवनी की पुस्तक माँगी।

(ङ) अब्राहम को घास काटने पर क्या मिला?

उत्तर- घास काटने पर अब्राहम को पुस्तक मिली।

3. पाठ में आए इन शब्दों के अर्थ लिखोः
   1. संतान = औलाद
   2. जीवनी = जीवन चरित्र
   3. ग्लानि = खेद
   4. वसूल = प्राप्ति

भाषा-बोधन

रिक्त स्थानों को उचित योजको से पूरा करो-

1. तुमने चाय पी है या कॉपी?
2. रमेश चित्र बनाता और बेचता है।
3. अध्यापिकाएँ मन से पढ़ाती हैं ताकि विद्यार्थी योग्य बनें।
4. भारत ने पाकिस्तान ही नहीं बल्कि श्रीलंका को भी हरा दिया।
5. पुस्तक यहाँ रख दो और तीन दिनों तक मेरे खेत में घास काटो।

ख. निम्नलिखित सर्वनाम शव्दों से वाक्य बनाओ-

1. कौन- कौन आया है?

2. किसका- यह बैग किसका है?

3. तुम्हें- तुम्हें अध्यापक ने बुलाया है।

4. उनका- उनका सामान नीचे गिर गया है।

5. आप- आप यहाँ बैठिए।

ग. नीचे कुछ मुहावरों के अर्थ दिए गए हैं। इनका प्रयोग पाठ में उचित स्थान पर करो-

I. हाथ के तोते उड़ना = हैरान रह जाना

अर्थ- अब्राहम ने जब पुस्तक भीगी हुई देखी तो उसके हाथ के तोते उड़ गए।

2. नानी याद आना = मुसीबत में पड़ना

अर्थ- घास काटते-काटते अब्राहम को नानी याद आ गई।

3 रंग में भंग पड़ना = काम बिगड़ना

अर्थ- अब्राहम तो अपने शिक्षक से पुस्तक पढ़ने के लिए लाया था परन्तु वह वर्षा से भीग गई,

यह तो वही बात हुई रंग में भंग पड़ना।

4 लाल-पीला होना = बहुत क्रोधित होना

अर्थ- शिक्षक ने अब्राहम के हाथ में अपनी पुस्तक भीगी हुई देखी तो वे बहुत लाल- पीले हुए।

घ. निम्नलिखित शव्दों के विलोम शब्द लिखो

1. आय × व्यय
2. स्वतंत्र × परतंत्र
3. पक्ष × विपक्ष
4. रक्षक × भक्षक
5. हर्ष × गम
6. सौभाग्य × दुर्भाग्य
7. निंदा × प्रशंसा
8. दुखी × सुखी